
**खबर संक्षेप**

## सीए की परीक्षा पास कर परासिया का बढ़ाया गौरव




**परासिया।** परासिया के मोहम्मद अर्सिदुल गुफरान अंसारी ने अपनी मेहनत और लगन से CA की कठिन परीक्षा पास कर ली है।गुफरान ने बिना किसी कोचिंग के, घर पर ही पढ़ाई करते हुए ये मुकाम हासिल किया — जो आज हज़ारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है।वे श्री नसरुद्दीन अंसारी – श्रीमती फहीम आरा के पुत्र और परासिया के इंजीनियर A.M. अंसारी (Wedding Harbour) के भांजे हैं।CA बनकर उन्होंने न सिर्फ अपने परिवार का, बल्कि पूरे परासिया और मुस्लिम समाज का नाम रोशन किया है।

## माँ दुर्गा की तेरस तिथि पर भव्य कालरात्रि जस प्रतियोगिता सम्पन्न

**बिछुआ।** ग्राम पुनतरा में माँ दुर्गा की तेरस तिथि के अवसर पर भव्य कालरात्रि जस प्रतियोगिता का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में क्षेत्रीय संस्कृति, भक्ति और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी भक्तों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कार्यवाह जिलाध्यक्ष श्री प्रियवर सिंह ठाकुर जी उपस्थित रहे।विशिष्ट अतिथियों में – श्री जगदेव पराड़कर जी,नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री पं मंगलेश दुबे जी,भाजपा मंडल महामंत्री विजेंद्र दीक्षित, भाजपा नेता श्री गुड्डा रघुवंशी, श्री देवचन्द पराड़कर , वरिष्ठ भाजपा नेता पवन पराड़कर,सभापति श्री अनिल कुर्मी , शिक्षक देवानंद नागरे अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष श्री संतोष भलावी जी तथा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री घनश्याम पवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कपास का मूल्य 10 हजार के ऊपर खरीदी करने की मांग

# कृषि समस्याओं को लेकर कन्हान क्षेत्र के किसानों ने किया उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



कहाँन क्षेत्रीय किसानों के द्वारा कृषि संबंधित समस्याओं को लेकर मंगलवार को ग्रान रंगारी से मोटरसाइकिल रैली से तहसील कार्यालय में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन के साथ ज्ञापन सोपा,इसके पूर्व किसानों के द्वारा तहसील कार्यालय के बाहर नुक्कड़ सभा में सरकार की किसान विरोधी नीतियों एवं किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन को आड़े हाथों लिया है।मुख्यमंत्री के नाम सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को सोपे ज्ञापन में किसानों ने बताया कि सौसर पाढुर्णा क्षेत्र की प्रमुख कृषि फसल कपास, मक्का, तुवर, आदि है। कपास की फसल भी निकलना तथा बाजार में आना प्रारंभ हो चुकी है, तुवर माह जनवरी, फरवरी में आयेंगी।मक्का मक्का का समर्थन मुल्य प्रति क्विंटल 2400 प्रति रूपये है लेकिन बाजार में खरीदी 1500 से 1800 रूपये चल रही है। समर्थन मुल्य पर मक्का की खरीदी होना अति आवश्यक है। भावांतर की सुविधा नही मिल रही है। समर्थन मुल्य प्रति क्विंटल 3000 रूपये हो,कपास की फसल लागत खर्च प्रति वर्ष बढ़ रहा है। समर्थन मूल्य पर कपास की खरीदी होना आवश्यक है। सी.सी.आई. खरीदी शुरू कपास का समर्थन मूल्य बढाकर 9500 से 10000 (दस हजार) रूपया होना चाहिए, समर्थन मुल्य 9500 प्रति क्विंटल की अंतर राशि बोनस के रूप में म.प्र. सरकार संबंधित किसानों को देवें। इस दौरान भागवतराव महाजन, सरपंच नीलेश ठाकरे, सुभाष चटप, प्रशांत उरमाले, नत्थूजी मुगोले, विश्वनाथ ठाकरे, विवेक महाजन,बापूराव घोड़मारे, योगिराज उरमाले, शकर खरात, भास्कर चटप, गोपालराव ठाकरे, शिवगोपाल महाले प्रशांत महाले, अशोक बल्कि, डोमाजी ठाकरे,आदि थे।

### स्वतंत्र स्थान पर हो सीसीआई के द्वारा खरीदी

किसानों ने बताया कि शासकीय एजेन्सी द्वारा खरेदी कपास की खरीदी जब भी सी.सी.आई. द्वारा की जाती है,वह क्षेत्र की जिनींग प्रोसेसिंग में होती है। संबंधित जिनींग संचालक अपने फायदे के लिए अक्सर किसानों पर दबाव बनाते हैं,संबंधित जिनींग का हस्तक्षेप पुर्णतः बंद हो तथा सी.सी.आई. ही स्वतंत्र कार्य करें, सौसर कृषि उपज मंडी मृत अवस्था में है,उसे जिवीत अवस्था में लाया जावें। कृषि केन्द्र (दुकान) विगत चार पांच सालो में गांव गाव में कृषि केन्द्र खुले है।उक्त दुकानों में अधिकतर सामग्री गुणवत्ता विहीन या कम गुणवत्ता वाली रहती है। दुकानों की जांच कार्यवाही होनी चहिए,पेटी व्यापारीयो को खरीदी केंद्रों से दूर रखा जाये,दिन में बिजली की पुर्ती सिचाई हेतु 10 घंटा की जायें।ः

## 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन 8 और 9 को, शामिल होंगे फिल्म स्टार रणदीप हुड्डा




**नमस्कार संस्कारधानी, मैं हूँ आपका अपना, रणदीप हुड्डा...**

**जबलपुर।** दोस्तों, मैं आ रहा हूँ... आपके अपने शहर, संस्कारधानी जबलपुर में... जबलपुर, जो सिर्फ़ संस्कृति और शौर्य का प्रतीक ही नहीं, बल्कि पर्यटन के लिए भी बेहद सुंदर है। दोस्तों, आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है... यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्की सितंबर, 2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है जिसमे गोल्फ फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रमुख उद्देशों जैसे वृक्षारोपण, में इन इंडिया का प्रमोशन एवं स्वस्थ जागरूकता आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए महोत्सव का भव्य समापन 12 जनवरी 2026, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर होगा।8 और 9 नवम्बर को, शौर्य और संस्कृति की धरा जबलपुर के आर्मी क्षेत्र में, यह गौरवमय कार्यक्रम होने जा रहा है... देश के वीर जवानों के बीच। सम्मान, संस्कृति और संकल्प इस कार्यक्रम में वीर माताओं और वीर नारियों का हृदय से सम्मान होगा। यहाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक प्रयास होगा, हजारों की संख्या में प्लांटेशन और मैरेथन (दौड़) का आयोजन होगा। आइए, वीर सैनिकों के सम्मान में इस कार्यक्रम में भाग ले, पेड़ लगाकर अपना योगदान दे। मैं इस भव्य आयोजन के लिए... लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत जी (जिन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है) आर्यवीर जी (जो इस फेडरेशन के फाउंडर हैं ) और देश के सभी वीर जवानों को मैं नतमस्तक होकर अपना आभार व्यक्त करता हूँ! जय हिंद, जय भारत, जय हिंद की सेना। मिलते हैं जबलपुर में, भारत के वीर जवानों से ।

## राज्य स्तरीय उत्सव में रामाकोना के बच्चों का रहा बोलबाला




**सौंसर।** राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2025 रामाकोना के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्राम का नाम रोशन किया है मिली जानकारी के अनुसार पेंच राष्ट्रीय उद्यान सिवनी में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना की कुमारी प्रेरणा रुंधे एवं सुशील गुर्वे टीम ने पांढुर्णा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए संपूर्ण मध्यप्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा टीम को बधाइयां प्रेषित की जा रही है।

## न्यूटन क्षेत्र ने जीता क्रिकेट का मुकाबला

**बड़कुही / परासिया** :- अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025 - 26 का आयोजन नेहरू स्टेडियम बड़कुही में किया गया । जिसका उद्घाटन मैच न्यूटन क्षेत्र विरुद्ध नेहरिया क्षेत्र के मध्य खेला गया । जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूटन क्षेत्र ने 177 रन बनाए । जिसमें सर्वाधिक अमर सिंह ने 58 और धनराज कुमार ने 55 रन बनाए । नेहरिया की ओर से आशीष मंडावी ने तीन विकेट लिए । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी नेहरिया क्षेत्र की टीम 23 रनों से मैच को हार गई । नेहरिया क्षेत्र के कप्तान असलम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छह चौको के साथ 71 रन बनाए , लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके ।इस मैच के मैन ऑफ द मैच असलम खान रहे । प्रतियोगिता के उद्घाटन में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक वाये शशीधर , शैलेश कुमार लड्डा क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य , निर्मल राहा , रोहित दास वर्मा , अलीम खान एवं अशोक डोंगरे उपस्थित रहे । ग्राउंड के संरक्षक मोहन बघेल ने भी अपनी उपस्थिति दी । आज इस प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे । पहला सेमीफाइनल शिवपुरी और नेहरिया क्षेत्र और दूसरा मुकाबला जी एम यूनिट विरोध धनकशा क्षेत्र के बीच खेला जाएगा ।



## शिक्षण शुल्क को लेकर अभिभावकों ने जताई नाराजगी

**परासिया।** चांदामेटा नगर के फ्लावरवेल हा. से. स्कूल मे अध्ययनरत छात्रो की शिक्षण शुल्क को लेकर पालकों ने असंतोष व्यक्त करते हुए शाला प्राचार्या के समक्ष अपनी नाराजगी जताई।बड़ी संख्या में स्कूल पहुंचे पालकों ने बताया कि मात्र दो या तीन महीने की फीस बकाया होने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को शाला से घर पहुंचा दिया जाता है, जिसका असर बच्चों के मस्तिष्क पर पड़ रहा है पालकों की मांग पर प्राचार्या ने कक्षा शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए बताया कि वे भविष्य में किसी भी बच्चों की शिक्षण शुल्क को लेकर बच्चों से बातचीत ना करते हुए उनके अभिभावकों से बात करेंगे। शाला प्रबंधन ने बताया की शुल्क से ही शाला कासंचालन किया जाता है। शिक्षकों का वेतन एवं छात्रो को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए अन्य आवश्यक खर्चे भी आपकी द्वारा दिये जाने वाली फीस पर ही निर्भर है। समस्त पालको को प्रतिमाह फीस का भुगतान करने के लिए फोन के माध्यम से एवं लिखित सूचना पत्र के माध्यम से समय-समय पर सूचित भी किया जाता है इसके बाद भी जिन पालको की ओर फीस बकाया होती है उनके बच्चो को कक्षा मे बैठने की अनुमति नही दी जाती है। अतः शाला द्वारा बनाये गये नियमो का पालन करना प्रत्येक पालक के लिए आवश्यक है।

## बजाज राजना जोड़ सड़क का नव निर्माण करने की मांग



**सौंसर।** क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों को लेकर भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश अभियान संगठन ने जिला कलेक्टर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है।कलेक्टर को सोपे ज्ञापन दिनेश लाडसे,पंकज ठाकरे, नीलेश वानखेडे,ने बताया किबजाज से राजना जोड़ तक की सड़क के निर्माण की मांग की है। संगठन का कहना है कि यह सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है और आए दिन दुर्घटनाएँ घट रही हैं। इस मार्ग पर गड्ढे और खराब सड़कों के कारण लोगों को आवागमन में अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बरसात के मौसम में यह मार्ग कीचड़युक्त हो आता है,जिससे वाहनों का संचालन लगभग असंभव हो जाता है। संगठन ने जिला कलेक्टर से मांग की है उक्त मार्ग का शीघ्र निरीक्षण कर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होना चाहिये,इस दौरान गजानन कोचे, तेजस सूरजसे, विपुल बावने, तुषार विरखरे,रामदास बावने, हाफिज खान, भावेश डफरे,और अन्य सदस्य शामिल हैं।

## अनेक विषयों पर हुई कांग्रेस की बैठक में चर्चा, किसानों की समस्या को लेकर होगा आंदोलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस की बैठक संपन्न हुई, बैठक में मतदाता पुनरीक्षण, बीएलए की नियुक्ति और कार्य तथा संघटनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से अवसर पर गंगा प्रसाद तिवारी, विधायक विजय चौरे, पुनाराम बाविस्टाले, डॉ.राजेंद्र येमदे, अशोक चौधरी अतुल जुननकर, विलास जोगी थे। बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बीएलए के फॉर्म भरकर पूर्ण कार्य करने का निश्चय किया गया साथ ही आगामी दिनों में किसानों के फसलों के उचित भाव दिलाए जाने हेतु ज्ञापन प्रस्तुत करने तथा धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने का भी निर्णय लिया गया है। ग्राम कांग्रेस का गठन एवं बूथ कमेटियों के गठन का निर्णय लिया गया,इस दौरान पीपला नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी,सोपान कोहले, श्रीमती रामशिला सुयवशी, अमरीश जैसवाल,विनायक बल्कि, पंकज दातारकर, डॉ.राजेश सोमकुवर, दिलीप गुर्वे, ज्ञानेश्वर गावंडे, राजा बोडे,डॉ.शिव सालोटकर, शंकर ब्रम्हे, शाहिद सिद्दीकी, घनश्याम कालबांडे, प्रकाश हनवते, एल.पी वाठ, राजा कलस्कर, विलास बुले, जिम्मी टाकभवरे आदि उपस्थित थे।

## जिला भाजपा मंत्री ने आमजनों के लिए कार्यालय का किया शुभारंभ

### सांसद विवेक बंटी साहू के हस्थे हुआ उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

भाजपा जिला मंत्री लक्ष्मीकांत (गोलू) नागरे ने आमजनों की सुविधा एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु बिछुआ नगर स्थित अपने निज आवास पर नया कार्यालय प्रारंभ किया। कार्यालय का शुभारंभ सांसद विवेक (बंटी) साहू ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर सांसद साहू ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का यह कदम सराहनीय है। वहीं मंत्री लक्ष्मीकांत नागरे ने कहा कि "यह कार्यालय जनता की सेवा के लिए समर्पित है, जहां हर व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आ सकता है। सेवा ही हमारा संकल्प है।"उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## जामसांवली में भक्तों को मिलेगी अधिक सुविधाएं: शर्मा

### हनुमान लोक में हुआ सुविधा केंद्रों का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान जामसावली में श्रद्धालूओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नवीन सर्वसुविधायुक्त सार्वजनिक महिला एवं पुरूष प्रसाधन, समस्त प्रकार की सेवाओं हेतू बुकिंग काउंटर, पूछताछ एवं सहायता केन्द्र का लोकार्पण समारोह किया गया,लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, डीएसपी पुलिस श्रीमती प्रियंका पांडे, चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा के द्वारा किया गया। आयोजन में श्री पटेल ने कहा कि, हनुमान लोक केवल एक मंदिर नही, बल्कि श्रद्धा, सेवा और अनुषासन का प्रतीक है। यहा की व्यवस्था अन्य धार्मिक स्थलों के लिये एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि, हनुमान लोक में प्रतिदिन हजारो श्रद्धालू दर्षनार्थ आते है। उनकी सुविधा, स्वच्छता और सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस नवीन प्रसाधन, बुकिंग काउंटर एवं सहायता केन्द्र के माध्यम से श्रद्धालूओं को और अधिक सुगम सेवायें प्राप्त होगी। इस अवसर पर संरक्षक दादाराव बोबडे, उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकार, ट्रस्टी श्रीराम डवरे, पंजाबराव येलमुले, राजु बाविसटाले, टीआई रूपलाल उईके सहित बडी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित थे।

## जिला भाजपा अध्यक्ष मोहोड़ ने की प्रदेश संगठन मंत्री से भेंट

**सौंसर।** मंगलवार को पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन से शिष्टाचार भेंट कर नवीन दायित्व की शुभकामनाएं प्रेषित की।इस दौरान संगठन एवं भारतीय जनता पार्टी की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं क्षेत्र के विकास आदि को लेकर भी चर्चा की गई।मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले उपस्थित थे।



### शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद का आयोजन

## जनजातीय गौरव पखवाड़े में स्थानीय संस्कृति का हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई





जिला कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण के निर्देश अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी. एस. बघेल के मार्गदर्शन में जनजातीय गौरव पखवाड़ा की गतिविधियां जिले की संस्थाओं में चल रही है राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि 01 नवंबर से 15 नवम्बर तक आदिवासी गौरव पखवाड़ा मनाया जाता है जिसमें आदिवासी संस्कृति को समझने व उसे अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु अनेक गतिविधियां की जाती है जो धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तक संचालित होता है संस्था प्राचार्य श्री महेश कुमार रघुवंशी के नेतृत्व में आदिवासी लोक संस्कृति के नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। शिक्षक श्री अनिल तागड़े ने जनजातीय की बसाहट व उनके योगदान को उल्लेखित किया। इस अवसर पर श्री गोविंद महड़ोले, सुश्री सपना पाटिल, श्री पवनसिंह महड़ोले,सुश्री वैदेही साहू, श्रीमती संध्या साहू, श्रीमती स्वाति जैन, श्री शिवम साहू, श्री रामसिंह पंचेश्वर, श्री सुंदरलाल उमरेठ,श्री रघुनाथ वर्मा, श्रीमती नीता भलावी, श्री दौलत वर्मा, श्रीमती ललिता डेहरिया, श्रीमती किरण वर्मा, श्रीमती माधुरी वर्मा, श्रीमती वैष्णवी चौहान, श्रीमती काजल माहोरे, श्रीमती मिताली रघुवंशी, श्री अरसद खान, श्री सूरज साहू, श्री दिनेश उमरेठ आदि उपस्थित रहे।

### जिले में गणना फॉर्म वितरण का कार्य शुरू, गणना फॉर्म के साथ मतदाताओं को नहीं देने होंगे कोई दस्तावेज

# एसआईआर फॉर्म भरना हुआ आसान, बीएलओ घर-घर पहुंचाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए इस बार एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) फॉर्म भरना अब और आसान कर दिया गया है। मतदाताओं को अब फॉर्म भरने के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर फॉर्म वितरित करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिले में यह कार्य मंगलवार 04 नवंबर से शुरू हो गया है, जो 04 दिसंबर तक चलेगा। इस कार्य की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायन ने आज सभी विधानसभा क्षेत्रों के एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक भी ली, जिसमें सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ज्योति ठाकुर, इंटरनेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ.पी.एन.सनेसर भी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि फॉर्म वितरण की सुविधा आज से शुरू हो गई है। बीएलओ न केवल फॉर्म देंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर फॉर्म भरने में भी मदद करेंगे। इसका उद्देश्य है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ सके और किसी का नाम छूटे नहीं। यदि किसी मतदाता का नाम वर्ष 2003 में हुई एसआइआर की मतदाता सूची में है तो उससे जुड़ी जानकारी भी उसी प्रपत्र में भरनी होगी ताकि पुराना रिकार्ड लिंक किया जा सके। कलेक्टर श्री नारायन ने शत प्रतिशत मतदाताओं की लिंकिंग और गणना फॉर्म वितरण का कार्य गति के साथ समय सीमा के अंदर कराने के निर्देश सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही लगातार फील्ड भ्रमण कर बी.एल.ओ के कार्य पर सतत निगरानी रखने एवं आवश्यकता पड़ने पर उन्हें त्वरित रूप से आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं।

### गणना फॉर्म के साथ नहीं देने होंगे कोई दस्तावेज

पूरा प्रपत्र भरने के बाद मतदाता को इसे बीएलओ को जमा करना होगा, जो इसकी जांच कर हस्ताक्षरित एक प्रति मतदाता को देंगे। आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि गणना प्रपत्र भरने के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार के दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। इसके संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए जिले भर में विविध जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान जिले के सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है ।

## खाद वितरण एवं भावांतर भुगतान की समीक्षा बैठक ली

छिन्दवाड़ा। रबी सीजन के सुचारू संचालन को लेकर आज कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में खाद वितरण एवं भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक



में कृषि विभाग,सहकारिता, मार्कफेड एवं जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खाद वितरण में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी समितियाँ अपने-अपने क्षेत्र में पर्याप्त खाद का भंडारण सुनिश्चित करें और किसानों को समय पर उपलब्ध कराएँ। भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो यह सुनिश्चित करायें । बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की स्थिति से अवगत कराया और आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा सभी अधिकारी बेहतर आपसी समन्वय एवं सतत निगरानी से रबी सीजन में खाद वितरण और भावांतर भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित कराएं।

# युवाओं के लिए व्याख्यान कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भोपाल बड्र्स कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद के सहयोग से एवं तामिया के ट्राइबस्केप्स (पी.टी.आई.सी.) के स्थानीय सहयोग से शासकीय तामिया स्नातकोतर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक एवं रोजगार उन्मुखीकरण के लिये एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका विषय पक्षी दर्शन पर आधारित आजीविका रहा। इस कार्यशाला में भोपाल बड्र्स संस्था के विषय विशेषज्ञ डॉ.संगीता राजगीर एवं श्री मोहम्मद खालिक द्वारा पक्षियों के पर्यावरण में महत्व एवं उनके संरक्षण के बारे में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत व्याख्यान दिया गया तथा तामिया में व्याप्त पक्षियों एवं विशेषकर गिद्धों के संरक्षण एवं उन पर आधारित पर्यटन पक्षी दर्शन द्वारा आजीविका कैसे प्राप्त की जाए, इस पर विस्तृत जानकारी दी गई ।

कार्यक्रम के दौरान डॉ.संगीता राजगीर द्वारा स्थानीय समुदाय के छात्रों एवं लोगों को पक्षी दर्शन द्वारा आजीविका प्राप्त करने के लिये प्रशिक्षित किया गया एवं आगे भी इसके लिये कार्यशालाएं आयोजित करने की बात की। कार्यक्रम में उपस्थित तामिया ट्राइब्सकेप्स के श्री पवन श्रीवास्तव द्वारा भी छात्रों एवं लोगों को पक्षी दर्शन द्वारा पर्यटन उद्योग से आजीविका प्राप्त करने में सहयोग देने की बात की। साथ ही विद्यार्थियों से यह आग्रह भी किया कि ग्रामीण क्षेत्र से आकर पढ़ने वाले विधार्थी पढ़ाई के साथ बर्ड वाचिंग एक्टिविटी के माध्यम से अपनी आवश्यकता के लिये खर्च निकालने के साथ ही अपना व्यक्तित्व विकास भी कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विजय उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों के उन्मुखीकरण के लिये भविष्य में भी इस विषय पर कार्यशालाएं आयोजित करने की बात कही। इस कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### जनसुनवाई : कलेक्टर श्री नारायन ने सुनी 165 आवेदकों की समस्यायें

छिन्दवाड़ा। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 165 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये।

# गोधूलि वृद्धाश्रम में पार्किंसन्स रोग पर आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पार्किंसंस डिसीज एवं मोवमेंट डिसऑर्डर सोसायटी मुंबई तथा आधार फाउंडेशन पोआमा के संयुक्त तत्वाधान में गोधूलि वृद्ध आश्रम में पार्किंसंस रोग की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन उपस्थित रहे। जिनका सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीयर महेश किंथ एवं आधार की अध्यक्ष सरिता पांडे ने तिलक लगाकर तुलसी का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पीडीएमडीएस मुंबई की सामाजिक कार्यकर्ता भुवनेश्वरी धूवारे ने पार्किंसंस रोग के लक्षण, पहचान एवं उपचार के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि हाथों में कंपन, शरीर में अकड़न जकड़न, बोलचाल व दैनिक दिनचर्या में बदलाव आदि प्रमुख लक्षण है, इसके उपचार में घूमना टहलना, सूक्ष्म व्यायाम, तनाव मुक्त रहना, दैनिक जीवन की क्रियाएं करते रहना, लिखना, कला बनाना आदि प्रमुख हैं। बहुत अधिक आवश्यकता होने पर न्यूरोलॉजिस्ट चिकित्सक की सलाह लें। मुख्य अतिथि दीपक राज जैन ने कहा समाज में बदलती जीवन शैली के कारण व्यक्ति तनाव ग्रस्त है जिसके कारण पार्किंसंस रोग दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, इससे बचना है तो हमें स्वयं प्रसन्न रहते हुए अपने परिवार और समाज को प्रसन्न रखना पड़ेगा। श्री जैन ने समाज से अपील करते हुए कहा कि हम सब मिलकर अपने वरिष्ठ जनों और पार्किंसंस रोग से ग्रसित व्यक्तियों को प्रसन्न रखें और उनके उपचार के लिए आगे आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिव्यांग जनों के लिए समर्पित राष्ट्रीय संस्थान सक्षम के जिला अध्यक्ष एवं आधार फाउंडेशन के संस्थापक इंजी. महेश किन्थ ने बताया की गोधूलि वृद्ध आश्रम सहित अन्य स्थानों पर स्वस्थ वृद्धतत्व कार्यक्रम का इसी माह से शुभारंभ किया जाएगा, जिसका उद्देश्य है वृद्ध जनों को आजीवन स्वस्थ रखना।

आधार फाउंडेशन की संचालिका सरिता पांडे ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता पर उपस्थित सभी वृद्धजनों को फल वितरित किया गया ओर उनके साथ नृत्यगान कर दीपावली महापर्व एवं महावीर निर्वाण महोत्सव, भाई दूज एवं मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की खुशियां मनाकर हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

# तहसील बिछुआ एवं चाँद में मेडिकल स्टोर का किया गया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार तहसीलदार बिछुआ, पुलिस प्रशासन, औषधि प्रशासन के निरीक्षण दल द्वारा आज जिले की तहसील बिछुआ एवं चाँद में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवाइयों के रखरखाव, अवसान तिथि बीत चुकी औषधियों के संधारण, पशु उपयोग वाली औषधियों के संधारण, विशेष तापमान पर स्टोरेज में रखने वाली दवाइयों का संधारण एवं बिल बाउचर की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान बिछुआ तहसील में मैसर्स वर्मा मेडिकल, मेसर्स सिध्दिविनायक मेडिकल, मेसर्स दीपक मेडिकल के निरीक्षण के दौरान चिन्हित औषधियों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड के साथ तलब किया गया। प्रस्तुत जवाब के आधार पर नोटिस जारी कर आगामी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जो फर्म बंद पाई गई है, उन्हें सुचना पत्र चस्पा कर दुकान संचालन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया है।

# भगवान सत्य साईं बाबा का 100 वॉ जन्मदिन 23 नवम्बर को मनाया जायेगा

## सॉई भक्तों की बैठक में बनाई गई रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



भगवान श्री सत्य साईं बाबा का 100 वां जन्मदिन 23 नवंबर 2025 को मनाया जायेगा। इस आयोजन की तैयारियों के लिए विभिन्न स्तरों पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में वारासिवनी बालाघाट रोड स्थित पुराने बिजली ऑफिस के पीछे श्री सत्य साईं सेवा संगठन सेंटर में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जिला पदाधिकारियों, समिति के पदाधिकारीगण एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

इस बैठक में बेहरई, रामपायली, बुदबुदा, खापा, बालाघाट, मेहदुली, वारासिवनी, पांजरा के पदाधिकारी, सदस्यगण पहुंचे और बाबा के 100 वें जन्मदिवस को भव्य रूप से मनाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए श्री सत्य सांई सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट आनंद टेम्भरे ने बताया कि बाबा के 100 वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 नवंबर से 22 नवंबर तक प्रातः प्रभात फेरी एवं शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। 23 नवंबर को प्रातः प्रभात फेरी, सुप्रभातम नारायण सेवा एवं शाम को बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, कथा वाचन, भजन एवं आतिशबाजी करते हुए बाबा की आरती के बाद इसका समापन किया जायेगा।

बैठक में बसंत मिश्रा, डॉ. जेशराज पारधी, अनूप भोयर, साईराम जी रामपायली, अवधेश मिश्रा सहित अन्य सांई भक्त पुरुष एवं महिलाऍ उपस्थित रहे।

# रामपायली में कार्तिक पूर्णिमा मेला प्रारंभ

## हर दिन होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर रामपायली में बुधवार से 7 दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला प्रारंभ हो गया हैं। इस 7 दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेले का आयोजन जनपद पंचायत वारासिवनी द्वारा किया जाता है। इस वर्ष जनपद पंचायत वारासिवनी द्वारा 7 दिन तक लगातार विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुगण भगवान श्रीराम के दर्शनों के साथ ही इन कार्यक्रमों का आनंद भी उठा सके।



जनपद पंचायत वारासिवनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन ने बताया कि जनपद पंचायत वारासिवनी द्वारा 6 नवम्बर को आशा खांडेकर देवरी हट्टा व सलोनी रनगिरे सालेटेका की दुयम शायरी, 7 नवम्बर को तिलकराजा साहू एंड ग्रुप रायपुर का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकधारा, 8 नवम्बर को नवदुर्गा नाट्यकला कोचेवाही एवं शिव शक्ति डंडार मेंडक़ी, 9 नवम्बर को राजनांदगॉव की सुप्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक का लोक गायन, 10 नवम्बर को सागर के बुंदेली कलाकार जित्तू खरे बादल जी की भव्य भजन संध्या और अंतिम दिन 11 नवम्बर को राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है।

11 नवम्बर को आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के कवि मुन्ना बैटरी हास्य रस मंदसौर, श्रीमती मणिका दुबे श्रृंगार रस जबलपुर, सूरज मणी हास्य रस बनारस, रुद्र प्रताप रुद्र ओज रस भोपाल, हीरामणी वैष्णव हास्य रस कोरबा अपने हास्य रस व कविताओं से श्रोताओं को सराबोर करेंगे।

# सेन समाज की आवश्यक बैठक हुई सम्पन्न बैठक में लिए गए अहम निर्णय



### लांजी में 13 नवंबर को सम्मान समारोह अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक रहेंगे उपस्थित

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी के वार्ड नंबर 5 काली मंदिर में 5 नवंबर 2025 को दोपहर 12:00 बजे सेन समाज की आवश्यक बैठक कि गई गई है। इस बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन और सम्मान समारोह के आयोजन पर चर्चा की गई।

लांजी नई समाज की हुई इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 13 नवंबर 2025 को सिद्धेश्वर मंगल भवन लांजी में समय 11:00 बजे से कार्यकर्ता सम्मेलन सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी विधानसभा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। जो छात्र-छात्राएं सम्मानित होना चाहते हैं, वे अपनी अंकसूची समाज के ग्रुप में भेज सकते हैं।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी और अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। जो सेवानिवृत्त बुजुर्ग सम्मानित होना चाहते हैं, वे अपनी जानकारी दे सकते हैं।

ब्लॉक सेन समाज की ओर से अपील की जाती है कि सभी सामाजिक बंधु एकता का परिचय दें और सामाजिक कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें।

## दीप ऑप्टिकल्स एंड आई केयर किरनापुर द्वारा बिना अनुमति निःशुल्क नेत्र शिविर का किया जा रहा प्रचार

# निजी दीवारों पर प्रचार कर ढूंढे जा रहे धोखाधड़ी के लिये मरीज

हरिभूमि न्यूज लांजी।

विगत दिनों किरनापुर विकासखंड के ग्राम पीपलगांव के 9 बुजुर्गो में से दो मरीजों मानिक अवसरे और किशनलाल बाघमारे द्वारा अपने आयुष्मान कार्ड से धोखाधड़ी कर फिंगर लेकर राशि हड़पने का आरोप लगाया गया था जिसकी शिकायत मिलने पर प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और किरनापुर मुख्यालय स्थित दीप ऑप्टिकल्स एंड आई केयर में दबिश देकर अब तक किये गये ऑपरेशन के संबंध में जानकारी मांगी गई थी। वहीं देखा जा रहा है की दीप ऑप्टिकल्स एंड आई केयर के संचालक द्वारा बिना स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की अनुमति से लांजी-किरनापुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में अपनी दुकान एवं निःशुल्क नेत्र शिविर का प्रचार धड़ल्ले से खुलेआम किया जा रहा है जो सभी के सामने होने के बाद भी किसी जिम्मेदार को नजर नहीं आ रहा है। दीप ऑप्टिकल्स एंड आई केयर के संचालक द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निजी घरों की दीवारों पर जहां सरकारी स्लोगन जो शासन द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लगाये जाते है, उनके ऊपर ही अपने




संस्थान के नाम सहित निःशुल्क नेत्र शिविर का प्रचार प्रसार किया जा रहा है वह भी बिना अनुमति के या यह कहा जा सकता है की ग्रामीण क्षेत्रों से निर्धन एवं भोले भाले मरीजों को आसानी से ढूंढने का यह भी एक तरीका है।

**तीन दिनों में होना था टीम का गठन:** दरअसल, इस मामले में कलेक्टर बालाघाट के निर्देश पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सीएमएचओ, एसडीएम किरनापुर एवं बीएमओ किरनापुर की टीम ने दीप ऑप्टिकल पहुंचकर जानकारी जुटाई और नेत्र शिविर और ऑपरेशन संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। वहीं एसडीएम मयाराम कोल द्वारा भी तीन दिनों के भीतर टीम गठित कर इस गंभीर मामले की जांच किये जाने का आश्वासन मीडिया के समक्ष दिया गया था परंतु आज 4 दिनों के बाद भी इस मामले में स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### इनका कहना है

एसडीएम महोदय द्वारा अभी इस मामले में मौका स्थल पर मौखिक रूप से कहा गया था परंतु लिखित में कोई आदेश नहीं दिया गया था। दीप ऑप्टिकल्स के संचालक द्वारा हमे अपनी ओर से जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इस मामले की सीएमएचओ बालाघाट स्वयं जांच पड़ताल कर रहे है, कोई जानकारी आने पर जरूर प्रेषित की जाएगी।

**डॉ. वर्ष चौबे,**
**बीएमओ किरनापुर**

## खैरलाँजी सांस्कृतिक कार्यक्रम में जूनियर गोविंदा का हुआ आगमन

# जूनियर गोविंदा के साथ बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्ला गानों में जमकर थिरके विधायक विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिविल लाईन खैरलाँजी में तेरस की मंडई में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंबई के जूनियर कलाकार गोविंदा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को सम्मोहित कर दिया। देर रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।



कार्यक्रम के मंच पर पहुँचते ही जूनियर गोविंदा ने एक से बढक़र एक फिल्मी गानों पर शानदार डांस कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। जूनियर गोविंदा ने ना केवल अपने नृत्य से सबका मन मोहा, बल्कि अपने हास्य से भरे गोविंदा के मशहूर डायलॉग सुनाकर सबको भरपूर हँसाया। गोविंदा की नकल और जोशीले अंदाजों से दर्शकों को असली गोविंदा की याद आ गई। कार्यक्रम में मौजूद लोग जूनियर गोविंदा के प्रदर्शन से इतने प्रभावित हुए की, उन्होंने बार-बार एक बार और के नारे लगाए, जिससे जूनियर गोविंदा ने भी उन्हें नाराज नहीं होने दिया और उनकी बातों को मानकर दर्शकों का मन जीत लिया।

इस कार्यक्रम में विधायक विवेक विक्की पटेल के पहुँचने पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा उनका आतिशबाजी, ढोल, नगाडों और आदिवासी नृत्य के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जिसके विधायक विवेक विक्की पटेल कार्यक्रम स्थल पहुँचे और रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जूनियर गोविंदा ने मंच पर विधायक विवेक पटेल को बुला कर उनकी जमकर तारीफ की, उन्हें गले लगाया और कहा कि मुझे विधायक जी की हाइट देखकर असली अभिताभ बच्चन की याद आ गई। उसके बाद जूनियर गोविंदा ने विधायक विवेक विक्की पटेल को बड़े मियॉ तो बड़े मियॉ, छोटे मियॉ सुभान अल्ला गाने पर जमकर नचाया। विधायक श्री पटेल ने भी जूनियर गोविंदा के साथ नृत्य करके कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया। मंच पर मौजूद विधायक विवेक विक्की पटेल और जूनियर गोविंदा को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो असली गोविंदा और अभिताभ बच्चन मंच पर थिरक रहे हो।

कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों व श्रोताओं को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारा जिला कृषि प्रधान जिला है। इस समय हमारे क्षेत्र के किसानों की फसल पूरी तरह खराब हो गई हैं। मगर सरकार को किसानों की चिंता नहीं है। अभी तक सर्वे प्रारम्भ नहीं हुआ हैं, किसान इस समय बहुत परेशान हैं। फसल के समय किसान कर्ज लेकर धान उगाता हैं, अब साहूकार उन्हें परेशान कर रहे हैं।

खबर संक्षेप

### खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कहानी:-नगर कहानी में आगामी 6 नवंबर को स्थानीय श्री संतोषी माता मंदिर परिसर में खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या का आयोजन रखा गया है खाटू श्याम बाबा मित्र मंडली के नेतृत्व में इस आयोजन को संपन्न कराया जा रहा है समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से होने वाले इस आयोजन में इंदौर के खाटू श्याम भजन गायक सावन नागदा एवं खाटू श्याम बाबा भजन गायिका निहारिका पुरोहित का नागपुर से आगमन होगा जिनके सुरीले मुखारविंद से उपस्थित विशाल भक्तों के समूह तक बाबा खाटू श्याम के भजनों के माध्यम से रस बरसाया जावेगा इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले समस्त भक्तों के लिए महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था एवं सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था रखी गई है नगर कहानी में खाटू श्याम बाबा का यह पहला भजन संकीर्तन कार्यक्रम होगा जिसको लेकर भक्तों के समूह में खासा उत्साह देखा जा रहा है खाटू श्याम बाबा मित्र मंडली के द्वारा समस्त नगर वासी क्षेत्र वासियों से इस कार्यक्रम में पहुंचाने हेतु विनम्र आग्रह किया जाता है कार्यक्रम का समय संध्या 700 बजे से प्रारंभ होगा

### पुरानी पेंशन आंदोलन के लिए लाखों कर्मचारी दिल्ली जाएंगे -भरत पटेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश सहित देश के शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी एक बार फिर अपनी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जबलपुर के जिलाध्यक्ष शिव चौबै ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष श्री भरत पटेल के नेतृत्व में 9 नवंबर को जंतर-मंतर दिल्ली में आयोजित पुरानी पेंशन आंदोलन में प्रदेश भर के लाखों कर्मचारी आंदोलन में शरीक होंगे। इस आंदोलन को लेकर पूरे देश में शिक्षकों और कर्मचारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। श्री पटेल ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं एवं उनके नेतृत्व में प्रदेश से लाखों कर्मचारी दिल्ली जाएंगे। पटेल ने बताया कि आंदोलन ऑल इंडिया एन पी.एस.एम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.मंजीत सिंह पटेल की अगुवाई में हो रहा है, इससे पहले दिल्ली में कई बार बड़े-बड़े आंदोलन किए गए हैं । फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मंजीत सिंह पटेल देश के विभिन्न राज्यों में पेंशन जय- घोष रैली आयोजित कर चुके हैं।

### योगेश सोनी बने सी. ए.

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत दिवस भारत वर्ष में आयोजित एकमात्र सी. ए. परीक्षा में जहां 17000 बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें से मात्र 2727 बच्चे ही सफलता की सीढ़ी पार कर पाए। इन्हीं 2727 बच्चों में योगेश सोनी पिता दिलीप कुमार सोनी (रघुनाथ कॉलोनी) लखनादौन ने अपने प्रथम प्रयास में ही बाजी मारी है। योगेश ने कड़ी मेहनत एवं लगन से यह मुकाम हासिल किया है। लखनादौन क्षेत्र से यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले छात्र हैं। योगेश ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।वर्तमान में बेंगलुरु में रहकर ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनकी इस उपलब्धि से परिजनों एवं क्षेत्र वासियों में हर्ष व्याप्त है।

### तेज रफ्तार बाइक पत्थर से टकराई एक गंभीर घायल

**सिवनी।** जिले के कुरई थाना क्षेत्र में नागपुर रोड पर देर रात एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर पत्थर से टकराकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार महेंद्र पटले (35) गंभीर घायल हो गया। कुरई अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, महेंद्र पटले खवासा की ओर से कुरई आ रहा था। नागपुर रोड के पास उनकी बाइक सडक़ पर पड़े पत्थर से टकरा गई, जिससे वह बेकाबू होकर फिसल गई।

## पत्नी की चरित्र शंका को लेकर पति ने सब्बल से कर दी पत्नी की हत्या,पति पहुंचा जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले ग्राम दरासीकला में चरित्र शंका के कारण पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी को कुरई पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। घटना ग्राम दराशी कला की है, जहाँ 3 नवंबर 2025 की रात आरोपी लक्ष्मी प्रसाद राऊत ने अपनी पत्नी मीरा बाई की लोहे की सब्बल से सिर पर वार कर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका के ससुर रामप्रसाद राऊत ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि रात करीब 10.30 बजे आरोपी लक्ष्मी प्रसाद अपनी पत्नी से झगड़ा कर रहा था। बीच-बचाव करने पर आरोपी ने कमरे में रखी लोहे की सब्बल उठाकर पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कुरई थाना प्रभारी निरीक्षक कृपाल शाह तेकाम के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रकरण क्रमांक 519/25 धारा 103(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बरघाट ललित गठरे के निर्देशन में आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को अगले दिन, 4 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे, दराशीखुर्द के जंगल से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की चरित्र शंका को लेकर हत्या करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की सब्बल बरामद की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## जिले के मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण में 23 दुकानों को नोटिस जारी

**सिवनी /** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार गठित निरीक्षण टीम द्वारा जिले के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुरई तहसील में संचालित 49 मेडिकल दुकानों में से 16 दुकानों पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट टीम के निरीक्षण के समय उपस्थित नहीं पाए गए।
औषधि विभाग द्वारा भार्वी मेडिकल स्टोर बेलपेठ, न्यू संदेश मेडिकल पतरई, खंडेलवाल मेडिकल स्टोर पीपरवानी, कृष्णा मेडिकल दरासीकला, श्री कृष्णा मेडिकल जोगीवाड़ा, अमन मेडिकल पिंडकापार, विजय मेडिकल स्टोर गोहगांव, पवार मेडिकल मोहगांव, महावीर मेडिकल कुरई, मां ज्वाला देवी मेडिकल कालबोडी, सांई कृपा मेडिकल कुरई, डहरवाल मेडिकल पाटन, श्री राधे मेडिकल सुकतरा, डिवाइन मेडिकल सुकतरा, राठौर मेडिकल पीपरवानी एवं परिहार मेडिकल धोबीसर्रा इस प्रकार कुल 16 मेडिकल संचालकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर स्वयं रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के साथ कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह निरीक्षण दल द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 का उल्लंघन पाए जाने पर 07 मेडिकल स्टोर क्रमशः अमन मेडिकल एवं संजीवनी मेडिकल केवलारी, आशुतोष मेडिकल एवं साहू मेडिकल छपारा, जय मां दुर्गा राय मेडिकल चमारीखुर्द, श्री मेडिकल स्टोर मेहरा पिपरिया तथा लविश मेडिकल स्टोर आष्टा को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## ऑल इंडिया इनामी दंगल मलारा में नियाज़ पहलवान बने चैंपियन, जीता 51 हजार का पुरस्कार

**बरघाट तहसील के ग्राम मलारा में आयोजित ऑल इंडिया इनामी दंगल में देशभर के नामी पहलवानों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



रोमांचक मुकाबलों के बीच नियाज़ पहलवान मलारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 51 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता। दिल्ली के सचिन पहलवान उपविजेता रहे।
दूसरा पुरूस्कार (31,000 रुपये) के लिए दिल्ली के हिमांशु पहलवान और नोएडा के रविंदर पहलवान आमने-सामने हुए, लेकिन रविंदर को चोट लगने से यह कुश्ती बराबरी पर समाप्त घोषित की गई।
तीसरा पुरस्कार (21,000 रुपये) उत्तर प्रदेश के उपकार पहलवान को मिला, जबकि उपविजेता मिलखा पहलवान चंडीगढ़ रहे। चौथा पुरस्कार (15,000 रुपये) मेवात के सलीम पहलवान ने जीता।
इसके उपविजेता त्रक्रत्र आर्मी के यशपाल पहलवान रहे। पांचवां पुरस्कार (11,000 रुपये) सिवनी के देवा पहलवान को मिला, उपविजेता अनिल पहलवान सिवनी रहे। छठवां पुरस्कार (7,000 रुपये) उज्जैन के अमन पहलवान को मिला, जबकि पंजाब के आशीष पहलवान उपविजेता बने।
देशभर से आए पहलवानों के दांव-पेच ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। अखाड़े में हर मुकाबले पर तालियों की गडगड़ाहट गूंजती रही और पूरा मलारा गांव कुश्ती के रंग में रंगा नजर आया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय मुनमुन, कार्यक्रम अध्यक्ष अनुराग चतुरमोहता (अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ बालाघाट), विशेष अतिथि केवलारी विधायक रजनीश सिंह ठाकुर, असलम भाई पत्तेवाले, अली बाबा भाई दीवान साहब, दुपेन्द लक्की अमूले, आशीश नगपुरे, इमरान पटेल, साजिद पटेल, राहुल उइके, शाहिद पटेल, डालसिंह बिसेन, बब्लू पटेल, माजिद भाई, केवल परते, संजय पटले, रवि पटले, रिंकू राहंगडाले, अफरोज खान एवं समस्त अतिथि व कुश्ती संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।
निर्णायक की भूमिका आसिफ पहलवान व प्रकाश पहलवान ने निभाई।
कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्रीन सिटी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अल्ताफुर्रहमान ने सभी दंगल प्रेमियों, आयोजन समिति, मीडियाकर्मियों व प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार जताया है।



## वैष्णवी देवी पहाड़ी में मां अन्नपूर्णा का दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**हवन-पूजन, महाआरती के बाद भजनों के साथ देर शाम तक चला भंडारा**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शहर से सात किलोमीटर दूर सीलादेही की वैष्णवी पहाड़ी में मां अन्नपूर्णा का दर्शन-पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। 18 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को विधि-विधान से हवन-पूजन, महाआरती, भंडारे व भजन संध्या के साथ समापन किया गया। सारे जगत का अन्न भंडार भरने की कामना से स्थापित मां अन्नपूर्णा देवी को छप्पन भोग अर्पित किए गए, श्रद्धालुओं ने मातारानी का आर्शीवाद प्राप्त किया। मां वैष्णवीदेवी धाम सेवादार समिति के सदस्यों ने बताया कि कन्या भोजन के बाद मां अन्नपूर्णा के भंडारा प्रारंभ किया गया, जो भक्तिमय भजन कार्यक्रमों के साथ देर शाम तक निरंतर जारी रहा। भाजपा द्वारा 5 नवंबर को कारीरात से प्रारंभ की गई एकता पद यात्रा का समापन सीलादेही पहाड़ी में समारोहपूर्वक किया गया। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने निधि से स्वीकृत 15 लाख रुपये टीन शेड निर्माण कार्य भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी के अलावा भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**प्राकृतिक वातावरण का लिया आनंद**

ब्रह्मलीन जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज द्वारा पूजित मां वैष्णवी देवी धाम सीलादेही में प्रतिवर्ष धनतेरस से मां अन्नपूर्णा महोत्सव का प्रारंभ किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुए मां अन्नपूर्णा के महाप्रसादी (भंडारा) में भक्तों को दाल-बाफले, कढ़ी-पुलाव, हलुआ-खीर इत्यादि परोसा गया। रमणीय धार्मिक स्थल पर शहरवासियों ने परिवार सहित पहुंचकर देवी मां का दर्शन किया। भक्ति गीत-भजनों की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों दी गई। यह स्थल रमणीय धार्मिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। चारों ओर हरियाली व नैसर्गिंक सुंदरता यहां पहुंचने वाले लोगों को सुकून देती है। वन विभाग ने सीलादेही पहाड़ी को नगर वन के रूप में विकसित कर इसे सैर सपाटे के लिए अनुकूल बनाया है। परिवार, मित्रों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहाड़ी की ऊंचाई से दूर-दूर तक फैली हरियाली के विहंगम नजारे का आनंद लिया।

## अज्ञात वाहन ने राहगीर को मारी टक्कर वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फुलारा ग्राम के समीप सुबह लगभग 6 बजे के समय एक सड़क हादसा हो गया जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन और राहगीर व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक वृद्ध व्यक्ति फुलारा ग्राम के समीप मुख्य सड़क मार्ग से पैदल जा रहा था। जब वह ग्राम के अंदर जाने वाले मोड़ के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण राहगीर जमीन पर गिर गया, जिसके कारण उसके हाथ,पैर, सिर सहित शरीर के अन्य अंगों में चोट आ गई। घटना की जानकारी लोगो ने पुलिस और 108 वाहन में दी, जिसके बाद घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वृद्ध कौन है और कहां का रहने वाला है उसका पता नही चल पाया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगो का व वाहनों का आना जाना अधिक होता है। यदि घटना के समय लोग मौजूद होते या वाहन आते जाते होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। लखनवाड़ा थाना प्रभारी चन्द्रकिशोर सिरामे का कहना है कि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो गई। उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। मृतक व्यक्ति की पहचान नही हो पाई है। उसके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगो से अपील कर रही है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं। बाबजूद इसके लोग लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर हादसो को अंजाम दे रहे हैं।

### सरदार 150 पदयात्रा का हुआ आयोजन

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के एकता और अखंडता के संदेश से गुंजा सिवनी

**सिवनी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर माय भारत (मेरा युवा भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान तथा जिला प्रशासन सिवनी के सहयोग से सरदार वल्लभभाई पदयात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर विधायक श्री दिनेश राय, जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।
पदयात्रा गौशाला कारीरात से प्रारंभ होकर सीलादेही, भंडारपुर, चावड़ी, पलारी होते हुए वैष्णो देवी धाम सीलादेही के समीप संपन्न हुई। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।
सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। पदयात्रा के माध्यम से उनके एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में किया जा रहा है।
विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा प्रधानमंत्री जी का यह सशक्त प्रयास सरदार पटेल जी के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।
कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी जिला युवा अधिकारी प्रांजल अग्रवाल एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक सी.आर. जंघेला द्वारा दी गई। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी मनु धुर्वे, यात्रा प्रभारी पियूष दुबे, संयोजक, सहसंयोजक तथा माय भारत के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## थाना कुरई में आयोजित किया गया सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता (भापुसे) के द्वारा जिला सिवनी के समस्त थाना प्रभारियों को सडक सुरक्षा जागरूकता एवं दो पहिया वाहन चालकों की सडक दुर्घटना में होने वाली होने वाली आकस्मिक मृत्यु से बचाने हेतु कार्यक्रम आयोजित करवाने एवं जनसहयोग से हेलमेट वितरण करवाने हेतु आदेशित किया गया। जिसके पालन में आज दिनांक 05/11/2025 को थाना कुरई परिसर के सामने एन.एच.44 किनारे सडक सुरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता



(भापुसे) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय बरघाट श्री ललीत गठरे, अपर कलेक्टर सिवनी सुश्री सुनीता खण्डायत, एस.डी.एम. कुरई श्री प्रशांत उइके, तहसीलदार श्री सतीश कुमार चौधरी थाना प्रभारी यातायात निरी. विजय बघेल, थाना प्रभारी कुरई निरी. के.एस. तेकाम, जनप्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष कुरई श्री लोचन सिंह मर्सकोले, थाना कुरई का समस्त पुलिस स्टाफ तथा ग्रामीणजनों की उपस्थिति में आयोजित किया गया था जिसमें पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा वाहन चलाते समय यातायात नियमों के पालन करने एवं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने की सलाह दी गई और हेलमेट लगाने से होने वाले फायदों के संबंध में जानकारी दी गई। थाना कुरई अंतर्गत ग्राम मोहगांव यादव एवं ग्राम आमाझिरी के सरपंच को गांव में वाहन चलाने वालों को हेलमेट धारण करवाने की शपथ दिलाई गई एवं बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर समझाईश दी गई एवं करीब 50 हेलमेट निःशुल्क वितरण किये गये। यह अभियान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आमजनों के बीच सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता फैलाने के लिये प्रारंभ किया गया है जिसको जिला सिवनी के समस्त थानों में आयोजित किया जायेगा।

## तीन दिवसीय श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम संपन्न

**सिवनी।** नगर में तीन दिवसीय श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम शहीद वार्ड अभिषेक कालोनी सिवनी में नगरपालिका परिषद सिवनी कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया के मुख्य आतिथ्य एवं शहीद वार्ड पार्षद मो जोएब जकी अनबर खान विवेकानंद वार्ड पार्षद राजेश राजू यादव बीजेपी महामंत्री संजू मिश्रा, सीबू सेंगर, अजय मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य व अभिषेक कालोनी के वरिष्ट पी एल बानद्रे, महेंद्र पंड्या , शिवकुमार जोहरी , रमेश नेमा , रमेश यादव एन. एल. भारद्वाज , रमन राय एवं समस्त श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।
शिव की नगरी अभिषेक कालोनी सिवनी प्राण प्रतिष्ठा में कालोनी के कार्यक्रम में यजमान श्रीमती कीर्ति ठाकुर , दिनेश ठाकुर एवं श्रीमती नैना पांडे चंचलेश पांडे द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम के रहकर पूजन सामग्री एकत्रित कर पूजन पाठ का बखूबी से निर्वहन किया गया। शाम को सुंदर काण्ड पाठ व तीसरे दिन भव्य भजन संध्या अशोक अकेला, अजय विश्वकर्मा, जयदीप दुबे, नंदू ताम्रकार ,ममता सेंडे , अशोक सुब्बाराव एवं टीम की उपस्थिति रही जिसमे श्री महाकाल समिति के विशाल भलावी द्वारा शानदार साजसज्जा रंगमंच करवाया गया। सुबह 10 बजे से भव्य ऐतिहासिक भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव की शोभायात्रा मठ मंदिर,मतादिवाला से होते हुए अभिषेक कालोनी भ्रमण उपरांत प्राण प्रतिष्ठा की गयी। जिसमें समस्त श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में ,भगवान शंकर जी, हनुमान जी श्री राम जी की झांकी से सभी श्रद्धालुओं का मन प्रफुल्लित हुआ। साथ ही कालोनी की समस्त मातृशक्तिओ द्वारा कलश यात्रा लाल परिधान में एकता का प्रतीक प्रदर्षित हुआ। कलशों की व्यवस्था व साज सज्जा श्रीमती लक्ष्मी गहलोद व सहयोगी महिलाओं द्वारा किया गया। समस्त कलश यात्रा में सम्मिलित महिलाओं को कालोनी की श्रीमती नीतू तिवारी जी द्वारा सुहाग सामग्री वितरित की गई एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती रजनी पंड्या द्वारा भोलेनाथ जी का उपहार वितरित किया गया । पूजन हवन ततपश्चात विशाल भंडारे का आयोजन प्रभारी श्री आर पी चौधरी जी व सहयोगी टीम द्वारा पंक्तिबध्य स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया सभी आगन्तुको ने स्वादिष्ट भोजन व कार्यक्रम की बहुत तारीफ करते हुए महाकाल समिति को धन्यवाद दिया।

## कलेक्टर ने सिविल अस्पताल एवं डबल लॉक केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सोमवार को बरघाट स्थित सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई, प्रसूति कक्ष, वार्डों की स्थिति एवं मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया।
कलेक्टर ने गत माह में हुई प्रसूतियों के रिकार्ड संधारण का अवलोकन करते हुए केसवार चर्चा की। इस दौरान विभिन्न प्रकरणों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा उचित मार्गदर्शन न दिए जाने के मामले पाए जाने पर उन्होंने संबंधित 4 एएनएम को नोटिस जारी करने के निर्देश



दिए। उन्होंने रेफर की जाने वाली गर्भवती महिलाओं सहित अन्य मरीजों से भी सम्पर्क बनाए रखते हुए, रेफर संस्थान तक उनकी पूरी जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नव माताओं से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा बच्चों के टीकाकरण एवं माताओं के खान-पान से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नव माताओं को बच्चों को तय समय पर टीका लगवाने हेतु प्रेरित किया तथा स्वस्थ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच करवाने की सलाह दी। इस अवसर पर एसडीएम श्री संदीप श्रीवास्तव, बीएमओ बरघाट सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**कलेक्टर ने किया डबल लॉक केंद्र बरघाट का आकस्मिक निरीक्षण**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज बरघाट स्थित डबल लॉक केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में भंडारित उर्वरकों की मात्रा एवं वितरण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों से बरघाट क्षेत्र में रबी मौसम में बोई जाने वाली प्रमुख फसलों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक उर्वरकों के पूर्व भंडारण के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को समय पर एवं सुगमता से उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने हेतु मार्कफेड तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री संदीप श्रीवास्तव, डीडीए, डीएम मार्कफेड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान प्रारंभ नागरिकों से सहयोग की अपील

**सिवनी /** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर पहुँचकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश संजीव झा ने नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएँ, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बीएलओ के पास मतदाता सूची 2025 के अनुसार आपके नाम, पता एवं बीपीआईसी नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचें और पुष्टि करें। जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, उसका नाम मतदाता सूची में जोडऩे हेतु बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा।

### एसआईआर : मतदाताओं के सत्यापन का कार्य प्रारंभ

## बीएलओ घर-घर पहुंचकर कर रहे मतदाताओं का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के तहत बालाघाट जिले की 06 विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के सत्यापन का कार्य 04 नवंबर से प्रारंभ हो गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के सत्यापन का कार्य 4 दिसम्बर तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार मतदाता का नाम, पता और वोटर आईडी कार्ड नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा।



जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी मतदाता का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, उसकी जानकारी भी बीएलओ द्वारा सत्यापन के दौरान प्राप्त की जायेगी, ताकि सूची से उनका नाम विलोपित किया जा सके।

घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा। दस्तावेज़ केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज़ माँगेगा। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएँगे। नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें।

घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### गुरुद्वारे में हुई गुरुवाणी और लंगर का हुआ आयोजन

## गुरु नानक देव के जयकारों से गूंजा कटंगी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती 5 नवंबर को समूचे कटंगी में बेहद धूमधाम, उत्साह और उमंग के साथ बनाई गई। कटंगी में पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा जयंती के अवसर पर 3 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन किए गए। 3 नवंबर से प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकल जा रही थी जो पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद स्थानीय वार्ड क्रमांक 5 स्थित गुरुद्वारे में विराम ले रही थी। 5 नवंबर की सुबह 07 बजे पुनः प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी ने पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद गुरुद्वारे में विराम लिया। जिसके बाद गुरुद्वारे में धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला



शुरू हुआ। नागपुर से पहुंची विजय भाई की टीम ने गुरुवाणी की प्रस्तुति दी। गुरुवाणी के जरिए श्री गुरु नानक देव जी के संदेशों का प्रसार किया गया। बता दें कि 15वीं शताब्दी में तलवंडी की भूमि पर श्री गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। उन्होंने मानवता को संदेश दिया एक ओंकार सतनाम यानी ईश्वर एक है सत्य उसका नाम है। उन्होंने बताया कि ईश्वर कोई दूर का देवता नहीं बल्कि दिल में निवास करने वाला सत्य है। उनके लिए धर्म कर्मकांड नहीं बल्कि सत्य को जीवन में उतरना था। गुरु नानक देव जी ने मानव को एकता में रहने का सूत्र दिया। उन्होंने कहा था कि ईश्वर को याद करना केवल मंदिर मस्जिद की बात नहीं बल्कि उन्हें हर सांस में महसूस करना है। एक ओंकार केवल शब्द नहीं बल्कि मानव एकता का शाश्वत सूत्र है। गुरु नानक देव जी ने कहा कि ईमानदार कमाई ही सच्ची पूजा है क्योंकि उसमें परिश्रम और नैतिकता का प्रकाश होता है। गुरबाणी का स्मरण करने के बाद सभी ने गुरु नानक देव जी के बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रेरणा हासिल की। इस दौरान पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी स्वजातीय जन और धर्म समुदाय के लोग भी मौजूद रहे।

## मधुमक्खी के हमले से जान बचाने भागा किशोर बालक, कुएं में गिरकर पानी में डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा तुमसर में एक 16 वर्षीय किशोर बालक की कुएं के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। किशोर बालक की पहचान समीर पिता सुखेंद्र नेवारे के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार छोटा तुमसर गांव के किसान परिवार के सदस्य कलगांव से तुमसर मार्ग पर खेतों में कृषि कार्य कर रहे थे इसी दौरान अचानक से मधुमक्खी के समूह ने उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले से बचने के लिए समीर अपनी जान बचाने के लिए भागा और खेत में ही बने कुएं में गिर गया। पानी में डूबने से समीर की मौत हो गई। जिस कुएं में यह हादसा हुआ उसमें जमीनी सतह तक पानी भरा हुआ है। घटना मंगलवार की दोपहर करीब 2:30 बजे के आसपास की



है। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद देर शाम शव को बरामद किया। बुधवार की सुबह साढ़े 10 बजे मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मधुमक्खी के हमले से सगन बाई और राजकुमार भी घायल हुए जिन्हें सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### ई-चालान घर भेज रही, तीन बार पर लाइसेंस निरस्त होगा

## हेलमेट नहीं पहनने वालों की फोटो खींच रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 'नो हेलमेट-नो राइड' अभियान के तहत पुलिस अब बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। चेकिंग पॉइंट से बचकर निकलने वाले चालकों की तस्वीरें लेकर उनके घर ई-चालान भेजे जा रहे हैं।

यातायात थाना प्रभारी यीना राहंगडाले ने बताया कि जो वाहन चालक हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं, उनकी तस्वीरें ली जा रही हैं। वाहन नंबर के आधार पर ई-चालान तैयार कर संबंधित चालक के निवास पर तामील किया जा रहा है। अब तक आठ ई-चालान बनाए जा चुके हैं।


सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया ने जानकारी दी कि बालाघाट पुलिस वाहन चालकों की



सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को समझना होगा कि हेलमेट उनकी सुरक्षा के लिए है।

कराहलिया ने बताया कि जो लोग चेकिंग पॉइंट पर हेलमेट पहनकर निकलते हैं और बाद में उसे गाड़ी में रख देते हैं, उन पर भी ई-चालानी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की टीम लगातार शहर में गश्त कर ऐसे वाहन चालकों की तस्वीरें ले रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी का तीन बार चालान बनता है, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

### जिला कबड्डी संघ बालाघाट आवश्यक बैठक आज



**बालाघाट।** जिला कबड्डी संघ बालाघाट की आवश्यक बैठक दिनांक 06.11.2025 दिन गुरुवार को सायं 5.00 बजे सर्किट हाऊस सभा हॉल में रखी गई है। समस्त पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्य एवं आमंत्रित सदस्यों से अनुरोध है कि वे समय पर बैठक में पधारने का कष्ट करें। बैठक के मुद्दे :- 1. म.प्र. सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिा आयोजित करने हेतु विचार। 2. अन्य मुद्दे जो सभा में रखे जाये उन पर विचार।

## डोगंरिया में धान की फसल क्षति का राजस्व विभाग ने किया सर्वे



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोगंरिया, मोवाड, चिचोली में राजस्व विभाग के कर्मचारी के द्वारा धान की फसल क्षति का सर्वे राजस्व विभाग के हल्का पटवारी के द्वारा किया गया। यह जानकारी जनपद सदस्य प्रतिनिधी योगेश बंटी नागपुरे के द्वारा दी गई। उन्होंनो बताया की मोवाड, डोंगरिया एंव चिचोली में कृषको की खेतो में लगी धान की फसल में बीमारी के प्रकोप एंव बारिश के कारण हुई क्षति के कारण कृषको का आर्थिक नुकसान हुआ है, राजस्व विभाग के कर्मचारी के द्वारा इन गांवों में शनिवार, रविवार, सोमवार को कृषको के खेतो में पहुंचकर सर्वे किया गया है। जिससे कृषको ने संतुष्टी महसूस की।

## कलेक्टर ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 4 नवंबर कों कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बीआरसी को सख्त निर्देश दिए कि वे छात्रों को किताबें तुरंत वितरित करें ताकि उनकी पढ़ाई में किसी भी प्रकार की रुकावट न आने पाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी छात्रों को समय पर किताबें मिल जाएं। इस दौरान डीपीसी और बीआरसी उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री मीना ने बैहर और वारासिवनी के बीआरसी को निर्देश दिया कि वे शीघ्र सभी छात्रों की मैपिंग का काम पूरा करें ताकि उन्हें गणवेश की राशि मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि राशि नहीं मिलेगी तो वे गणवेश नहीं ले पाएंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यों को करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने होंगे।

### नपाध्यक्ष ने सौंपी कमलेश और आशा को घर की चाबी

## दृष्टिबाधित दम्पत्ति कमलेश और आशा के मकान का सपना हुआ साकार

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री आवास योजना ने दृष्टिबाधित दिव्यांग दम्पात्ति कमलेश और आशा के मकान के सपने को साकार कर दिया है। नगर पालिका बालाघाट की अध्याक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने 04 नवंबर को इस दम्पत्ति को मकान की चाबी सौंपी तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कमलेश और आशा दोनों अपना स्वयं का मकान हो जाने से बहुत खुश है। उन्होंने आवास का मालिक बन जाने पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का ह्रदय से आभार जताया है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन भी उपस्थित थे।

नगर पालिका अध्यतक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने दिव्यांग दम्पात्ति को आवास की चाबी सौंपने के दौरान कहा कि शासन की योजनाएं गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का काम कर रही है, कल तक जिन हितग्राहियों के मन में चिंता रहती थी उस चिंता से मुक्त करने का काम सरकार की इन योजनाओं से हो पा रहा है। अंत्योदय का लक्ष्य समाज के उस अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं और सुविधाओं का पहुंचा है इस दिशा में हम अग्रसर है जिसकी सार्थकता हितग्राहियों की मुस्कान के रूप में हमें दिखाई पड़ती है।

### मकान की चाबी मिली तो खुशी का नहीं रहा ठिकाना

बालाघाट नगर पालिका परिषद अंतर्गत शहर के वार्ड क्रं.15 निवासी कमलेश सक्सेना और आशा इस दम्पत्ति का जीवन दृष्टिबाधित होने की वजह से पीड़ा



से भरा रहा है, जैसे-तैसे दोनों पति-पत्नी जीवनयापन करते है। कमलेश बताते है कि उन्होंने भी औरों की तरह अपना खुद का घर होने का सपना देखा था लेकिन परिस्थितियां अनूकल नहीं थी और आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। इसलिए मन में चिंता होती थी कि घर कैसे बनेगा। उन्होंने बताया कि पहले तो उन्हें अपनी नानी के मकान गौली मोहल्ला में रहने का आसरा मिला लेकिन वे ज्यादा दिनों तक वहां नहीं रह पाये। बाद में एक रिश्तेदार ने उन्हें सहारा दिया और किराये का मकान उपलब्ध कराया जहां वे अब रह रहे है।

### पिछले एसआईआर से मिलान न होने पर अपनानी होगी यह प्रक्रिया

**बालाघाट।** अगर पिछले एसआईआर मतदाता सूची से मिलान नहीं होता है तब ईआरओ संबंधित व्यक्ति को नोटिस देकर सूचित करेंगे। साथ ही सुनवाई का मौका देंगे। इस दौरान वह व्यक्ति आयोग द्वारा निर्धारित एक दर्जन से अधिक पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपना नाम जुड़वा सकेगा। इन दस्तावेजों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक शैक्षिक प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य या निकाय द्वारा जारी पारिवारिक रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि व मकान का आवंटन प्रमाण-पत्र, आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत आधारकार्ड, सरकार या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पेंशन पहचान व भुगतान पत्र, सरकार स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी, सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र व दस्तावेज इत्यादि शामिल हैं।

### एकलव्य विद्यालय उकवा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के सपनों को कर रहा है साकार

## कामयाबी की नई उड़ान: सरकारी स्कूल ने बदल दी 26 मेधावी विद्यार्थियों की किस्मत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के उकवा में संचालित एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के सपनों को नई उड़ान देने के साथ ही उनके सपनों को भी साकार करने में मददगार बन रहा है। जिले के दूरस्थ क्षेत्र के गांवों से निकलकर आने वाले बच्चे इस विद्यालय की सीढ़ियां चढ़कर देश के शीर्ष संस्थानों तक का सफर तय करने जा रहे है। यह विद्यालय अनुसूचित जनजाति वर्ग के गरीब परिवारों के बच्चों को एक नये मुकाम तक पहुंचाने का माध्यम बन गया है।

एक छोटे से गाँव और साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के सपने को साकार करना अक्सर एक चुनौती होता है, लेकिन उकवा के इस सरकारी स्कूल ने पिछले छह वर्षों में अपनी असाधारण सफलता से यह मिथक तोड़ दिया है। यहाँ के छात्रों ने न केवल देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं को पास किया है, बल्कि अपनी सफलता का श्रेय भी सीधे तौर पर स्कूल के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया है। उकवा का यह संस्थान ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता दिलाने का केंद्र बन गया है। पिछले 06 वर्षों में इस विद्यालय के 12 छात्रों ने NEET, 12 छात्रों ने JEE (इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा), और 2 छात्रों ने CLAT (कानून प्रवेश परीक्षा) जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। उकवा के इस विद्यालय से निकले 26 मेधावी छात्र आज देश के अग्रणी इंजीनियरिंग, मेडिकल और लॉ कॉलेजों में अध्यनरत हैं।



### स्कूल की मदद के बिना MBBS असंभव था

परसवाड़ा तहसील के ग्राम मदनटोला, पोस्ट कनिया के वर्ष 2024 बैच के छात्र अरूण मेरावी ने NEET परीक्षा उत्तीर्ण की है और वर्तमान में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, सागर से MBBS की पढ़ाई शुरू करने जा रहा है। अरूण का कहना है कि यदि उसके स्कूल ने हमें निःस्वार्थ भाव से मदद और मार्गदर्शन नहीं दिया होता, तो मेरे लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, सागर से MBBS करना नामुमकिन था। स्कूल के शिक्षकों ने केवल पढ़ाया नहीं, बल्कि हमें सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला भी दिया है। अरुण मेरावी की तरह ही इंजीनियरिंग, लॉ और मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे अन्य छात्रों ने भी उकवा के इस स्कूल के प्रति यही विचार व्यक्त किए हैं। वे मानते हैं कि स्कूल का सहयोगी और प्रेरणादायक माहौल ही उनकी कामयाबी का आधार बना है।

एकलव्य विद्यालय उकवा के छात्र रहे प्रार्थना कुमार RKDF मेडिकल कॉलेज भोपाल (2021-22), आशा मरकाम पीपल्स मेडिकल कॉलेज भोपाल (2022-23), अभिषेक वडिवा RGPV भोपाल (इंजीनियरिंग), शिवप्रकाश तिलगाम RGPV भोपाल (इंजीनियरिंग), रितेश धुर्वे गवर्नमेंट JEC जबलपुर (इंजीनियरिंग), सोमनाथ गवर्नमेंट JEC जबलपुर (इंजीनियरिंग) एवं होमेश्वरी और स्मिता CLAT के माध्यम से चयनित होकर BA-LLB के लिए जबलपुर गवर्नमेंट कॉलेज में अध्यनरत है। उकवा का यह स्कूल साबित करता है कि संसाधनों की कमी हो सकती है, लेकिन उचित मार्गदर्शन और छात्रों की कड़ी मेहनत के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। यह संस्थान अब क्षेत्र के अन्य सरकारी स्कूलों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गया है।

एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य श्री एकेएस सोलंकी ने बताया कि हम अपने विद्यार्थियों में सिर्फ़ अवधारणात्मक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जिज्ञासा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना पैदा करने पर जोर देते हैं। इसी के नतीजे हैं कि हमारे बच्चे आज विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में अपना लोहा मनवा रहे हैं। यह सफलता छात्रों और शिक्षकों के सामूहिक श्रम का परिणाम है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि एकलव्य विद्यालय लगभग 10 वर्षों से उकवा-पोंडी में संचालित किया जा रहा है। इस विद्यालय में केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को कक्षा 06 से 12 वीं तक की शिक्षा दी जाती है। छात्र-छात्राओं का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। यह आवासीय विद्यालय है और इसमें सीबीएसई पाठ्यक्रम से शिक्षा दी जाती है। इस विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, मेस, खेल मैदान, पुस्तकालय, स्काउट एवं अन्य सभी तरह की सुविधायें उपलब्ध है। इस विद्यालय के लिए केन्द्र सरकार द्वारा फंड उपलब्ध कराया जाता है। यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब बच्चों का भविष्य संवारने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### गुरूद्वारे में मनाया गया श्री गुरूनानकदेव जी 556 वां प्रकाश पर्व, लंगर सेवा में दिखी समरसता



**बालाघाट।** सिक्ख धर्म के गुरू श्री गुरूनानकदेव जी का 556 वां प्रकाश पर्व 5 नवंबर को पूरी आस्था, विश्वास और श्रद्वा के साथ गुरूद्धारा में मनाया गया। प्रकाश पर्व पर प्रातः से देर रात्रि तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अखंड पाठ साहिब की संपूर्णता, साधसंगत जी का शबद कीर्तन, बच्चों का शबद कीर्तन और लंगर की सेवा की गई। जबकि शाम को आरती और फूलो की वर्षा उपरांत अरदास और आतिशबाजी की जाएगी। गुरूद्धारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया आज 556 वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। संगत की हर मनोकामना पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि पंद्रहवी सदी में जब मुगल हुकुमत का बोलबाला था, हर ओर जोर-जुल्म की आंधी ने पूरे हिन्दुस्तान को घेरे रखा था। जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी और चारो तरफ अंधेरा था, उस समय आज से 555 वर्ष पूर्व सन् 1469 में श्री गुरूनानक देवजी महाराज का अवतरण वर्तमान पाकिस्तान के तलवंडी शहर जो ननकाना साहिब के नाम से प्रसिद्ध है में हुआ था। जिन्होंने पूरे हिन्दुस्तान को जुल्मों से मुक्त कराया था।

गुरू श्री गुरूनानकदेवजी को हर पंथ और हर धर्म के धर्मावलंबियों ने अपना गुरू माना। श्री गुरूनानक देवजी ने सर्वप्रथम 20 रूपये से लंगर की सेवा शुरू की थी, जिसका उद्देश्य एक पंगत में बैठकर जात-पात, उंच-नीच, अमीरी-गरीबी को भुलाकर, एक साथ लंगर की खाने की प्रथा शुरू की। जिसके बाद गुरूनानकदेव जी के इस प्रथा को गुरू अंगददेवजी ने बड़े विशाल स्तर पर शुरू किया। जिसे आज भी पूरा सिक्ख समाज गुरू का आदेश मानते हुए उस प्रथा को जीवंत बनाये हुए है।